Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Singh Ch. Lal

>

Title : Need to install a high power T.V. Transmitter to stop unwanted Pakistani Programmes at Kathua in J&K.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : माननीय सभापति महोदय, आपकी इजाजत से मैं अपनी रियासत जम्मू-कश्मीर के बहुत महत्वपूर्ण मसले को आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि मेहरबानी करके जम्मू-कश्मीर रियासत में उन्होंने (एचपीटी) हाई पावर ट्रांसमिशन टी.वी. के लगाए हैं, वे

काफी रिपेयर होने के काबिल हो चुके हैं, उनका फंक्शन बंद हो चुका है। जो बॉर्डर एरियाज़ के नजदीक गांव हैं, उन पर पाकिस्तान टी.वी. का असर पड़ रहा है। पाकिस्तान का टी.वी सीधा हिन्दुस्तान के बार्डर की तरफ जो रहा है जबकि हमारे देश का टी.वी. कमजोर cè[p144]। मैं कहना चाहता हूं कि इसे इम्प्रूव करने की जरूरत है। साथ में उस पर एग्रीकल्वर के प्रोग्राम दिये गये थे। करोड़ों रुपये के एग्रीकल्वर के प्रोग्राम टी.वी. पर आते हैं। लेकिन वे सब प्रोग्राम महज पैसा खाने के लिए रखे गये हैं। वह टी.वी. पर केवल फॉर्मेलिटी है। हम चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इस तरफ ध्यान दे। किसानों का जो पैसा उन टी.वी. प्रोग्राम्स के लिए दिया जाता है, उसका प्रोपर इस्तेमाल होना चाहिए। वहां बनी, वसौली और बिलावर और दूरदराज के इलाकों में जो लो पावर ट्रांसमीटर लगाये गये हैं, उनमें कोई आदमी नहीं रखा गया है। वहां काम करने वाला कोई आदमी नहीं है। ये ट्रांसमीटर्स ऑटोमैटिकली नहीं चलते हैं, इन्हें चलाना पड़ता है। लेकिन वहां आदमी न होने के कारण ये सारे ट्रांसमीटर्स बंद पड़े हैं। मैं आपकी मार्फत कहना चाहता हूं कि मेहरबानी करके सरकार इस ओर तुरंत ध्यान दे।

MR. CHAIRMAN: Chaudhary Lal Singh, I called your name early because you wanted to go early, but you are not concluding. I called your name early with the hope that you will conclude early, but you are not doing so.

चौधरी लाल सिंह : सर, आपने मेरी बात नहीं सुनी।

MR. CHAIRMAN: I am helpless. Therefore, please conclude now.

चौधरी लाल सिंह : आप सुनेंगे तो मैं सुनाऊंगा। अभी पाकिस्तान और हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हो रहे हैं। लेकिन हमारी रियासत में हाई पावर ट्रांसमीटर्स भी प्रोपरली फंक्शन नहीं कर रहे हैं। आजकल टी.वी. पर जो प्रोग्राम आ रहे हैं वे बहुत गंदे प्रोग्राम्स आ रहे हैं। बड़े अफसोस की बात है हम यहां वूमन रिजर्वेशन की बात करते हैं, लेकिन टी.वी. पर औरतों को आज नंगा दिखाया जाता है। मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं बड़े-बड़े नाम यहां लिये जा रहे हैं, हालांकि अभी रिजर्वेशन् नहीं हुआ है।

MR. CHAIRMAN: Mr. Singh, please conclude.

चौधरी लाल सिंह : हमारी रियासत में जो हाई पावर ट्रांसमीटर्स और लो पावर ट्रांसमीटर्स बंद पड़े हैं, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए। धन्यवाद।